मेरी फरियाद सुन भोले | by Rajan Mor

मेरी फरियाद सुन भोले तेरे दर आया दीवाना
मन की मुरादें पूरी कर सिवा तेरे ना कोई ठिकाना
मेरी फरियाद सुन भोले............

कैसे मनाऊं तुझको भोले जानू ना तेरी पूजा
तुझपे अर्पण जीवन मेरा तुझ बिन ना कोई दूजा
हो ...तुझ बिन ना कोई दूजा
मेरी अर्ज़ी सुन भोले है हँसता सारा ज़माना
मेरी फरियाद सुन भोले............

सच्चे मन से आया भोले दर्शन करने मैं तेरा
दूध चढ़ा के तुमको रिझाऊं सुन संदेशा मेरा
हो .....सुन संदेशा मेरा
ये राजा गोहर मांगे प्रभु चरण धूलि का नज़राना
मेरी फरियाद सुन भोले............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ab%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-rajan-mor/